आर.एन.आई. रजि. नं. 52089
Email - sonekikalam@gmail.com

# सोने की कलम

प्रधान सम्पादक - चेतन गन्धे , 9893157809
www.sonekikalamnews.com

## 1 से 9 जून तक कैंसिल रहेंगी 18 ट्रेनें

भोपाल। अगर आने वाले दिनों में आप सफर करने जा रहे है तो ये खबर आपके काम की है। यात्रियों को जानकारी के लिए बता दें कि रेलवे मेंटनेंस के चलते एक जून से भोपाल मंडल की 18 ट्रेनों को निरस्त किया गया है। इसका असर समर सीजन बाद वापस लौटने वाली भीड़ पर पड़ेगा और कंफर्म सीट के मारामारी होगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के झलवारा स्टेशन पर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट संबंधी कार्य के तहत नॉन इंटरलॉकिंग किया जाएगा। यह कार्य सिंगरौली दिशा की टाई-लाइन की कनेक्टिविटी के कमीशनिंग के लिए किया जा रहा है। इस कारण रेलवे ने 1 से 9 जून तक कुल 18 ट्रेनों को रद्द किया है।

## रतलाम-नागदा रेलवे लाइन की तीसरी और चौथी लाइन को केन्द्र सरकार की मंजूरी

भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मध्यप्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण रेल परियोजना – रतलाम-नागदा सेक्शन में तीसरी और चौथी रेलवे लाइनको मंजूरी दे दी है। यह परियोजना भारतीय रेल की लाइन क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से रतलाम और नागदा के बीच की रेल सेवाएं और अधिक द्रुतगामी और निर्बाध बनेंगी। परियोजना की अनुमानित लागत 3,399 करोड़ रुपये है। इसे वर्ष 2029-30 तक पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नये भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने की दिशा में कारगर कदम साबित होगा। उन्होंने इस परियोजना की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया।

# कोरोना के नए वेरिएंट ने मध्यप्रदेश में बढ़ाई टेंशन

## 6 मरीज एक्टिव फिर भी तैयारी बेहद सुस्त

**भोपाल, सोने की कलम। कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ने देशभर के साथ साथ मध्य प्रदेश में भी आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। राज्य में अबतक कोरोना के इस नए वेरिएंट के 6 संक्रमित एक्टिव हैं। चिंता की एक और बात ये भी है कि, लगातार सामने आ रहे संक्रमितों के बावजूद प्रदेश के बड़े शहरों में ही कोरोना से लड़ने की तैयारियां सुस्त हैं। बात राजधानी भोपाल की करें तो सिर्फ एम्स में ही RTPCR टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। खास बात ये भी है कि, 6 संक्रमितों की पुष्टि हो चुकी है, बावजूद इसके अबतक कोविड को लेकर कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई है।**



देश में एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे है। देशभर में कोरोना संकर्मितों की कुल संख्या 1 हजार 9 हो गई है। केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में शामिल हैं। सबसे ज्यादा केस केरल से सामने आए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 200 से अधिक संक्रमित मिल चुक हैं, जबकि दिल्ली में संक्रमितों की संख्या तीसरे पायदान पर है। वहीं, मध्य प्रदेश की बात करें तो यहां अबतक कोरोना के 6 संक्रमितों की पुष्टि हो चुकी है। इनमें भी पांच संक्रमित इंदौर में सामने आए हैं, जबकि एक उज्जैन में मिला है।

एमपी के बड़े शहरों में कोविड से लड़ने की तैयारियां फिलहाल धीमी है। राजधानी में सिर्फ एम्स में RTPCR टेस्ट की सुविधा है। भोपाल के सरकारी अस्पतालों को संदिग्ध कोरोना मरीजों की जांच का आदेश मिलने का इंतजार है। कोविड को लेकर अभी कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि कोरोना के इस नए वेरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।

## भोपाल में 31 को सिंदूरी थीम पर महिला महासम्मेलन

### पीएम मोदी के भव्य स्वागत की तैयारियां तेज

**भोपाल, सोने की कलम। रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 मई को जंबूरी मैदान में होने वाला महिला महासम्ममेलन सिंदूरी थीम पर होगा। कार्यक्रम को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर समर्पित किया जाएगा।**

इस संबंध में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में करीब 1500 महिलाओं के साथ प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। महासम्मेलन में प्रदेशभर से 2-2.50 लाख महिलाओं को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि समेलन की समूची व्यवस्थाओं का नेतृत्व बहनें ही करेंगी। सभी को अलग-अलग जिमेदारी दी जाएगी। पीएम मोदी सुबह 10.30 बजे समेलन में पहुंच जाएंगे, इसलिए सभी बहनों को इस समेलन के लिए व्यवस्थाएं सुबह से ही संभालनी होंगी। पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, साज-सज्जा से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक का जिमा महिलाओं को सौंपा जाएगा। इसके लिए 31 टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक में 20 से 40 महिलाएं रहेंगी। इसके अलावा भी वरिष्ठ पदाधिकारी तैनात रहेंगी। टीमों की फाइनल रिहर्सल 29 मई को जंबूरी मैदान में होगी। मुयमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देवी अहिल्याबाई ने कई आदर्श स्थापित किए हैं। वह बहू बनकर होलकर परिवार में आईं और बेटी के रूप में पूजी गईं।

## केंद्र सरकार के निर्णय से प्रदेश के किसानों को होगा लाभ - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल, सोने की कलम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार द्वारा 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) में की गई वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि एमएसपी में रामतिल में 820 और रागी में 596 के साथ ही कपास में 589 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। मध्यप्रदेश में धान और सोयाबीन सहित इन सभी फसलों का उत्पादन व्यापक है। इस नाते मध्यप्रदेश के किसानों के कल्याण के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि का लाभ मध्यप्रदेश के किसान भाइयों को भी प्राप्त होगा।

# जीतू पटवारी ने विदेश मंत्री पर लगाया भारत की मुखबिरी करने का आरोप

**भोपाल, सोने की कलम। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर पर भारत की मुखबिरी करने का बेहद संगीन आरोप लगाया है। पटवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को देश को बताना चाहिए कि, ऑपरेशन सिंदूर से पहले बीजेपी ने पाकिस्तान को क्यों बताया। पाकिस्तान पर हमले के पहले पाक सरकार को हमले की जानकारी क्यों दी गई।**



जीतू पटवारी ने सवाल किया कि, जब पूरा देश सेना और सरकार के साथ खड़ा था, तब पाक को करारा जवाब क्यों नहीं दिया गया। पीएम मोदी ने पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात पर अमल क्यों नहीं किया ? उन्होंने मध्य प्रदेश की मोहन सरकार को भी जमकर घेरा। पटवारी ने कहा सवाल किए कि मध्य प्रदेश में डेली दर्जनों बहनों का रेप हो रहा है, उनके सिंदूर का क्या? बीजेपी ने बहनों को हर महीने 3 हजार रुपए देने का कहा था, उनके सिंदूर का क्या?

कटनी के माधवनगर इलाके में हुए कांग्रेस सम्मेल में पहुंचे जीतू पटवारी ने सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि 5 मोदी गारंटी पूरी तरह फेल हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार में कानून-व्यवस्था शून्य हो चुकी है।

# ओंकारेश्वर : एकात्म धाम देगा अध्यात्म के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश



खंडवा। तीर्थनगरी ओंकारेश्वर का एकात्म धाम अध्यात्म के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देगा। नर्मदा और कावेरी नदी के बीच ओंकार पर्वत को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने विशेष कार्य योजना बनाई है।

बता दें कि, पर्वत को हराभरा रखने के लिए 36 एकड़ में अद्वैत वन विकसित करने के साथ ही यहां डीजल वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होगा। श्रद्धालुओं को एकात्म धाम पर आचार्य शंकर की 108 फीट ऊंची बहुधातु से निर्मित 'एकात्म प्रतिमा' और शंकर लोक संग्रहालय तक आवाजाही के लिए बैटरी चलित वाहन के साथ ही रोपवे की सुविधा प्रस्तावित की गई है। ओंकारेश्वर में आचार्य शंकराचार्य की स्मृतियों को सहेजने और अद्वैत वेदांत का संदेश विश्व को देने के लिए ओंकार पर्वत पर 2192 करोड़ रुपये की लागत से एकात्म धाम को आकार दिया जा रहा है। यहां प्रस्तावित लोक संग्रहालय भारत की सांस्कृतिक विरासत, अद्वैत वेदांत दर्शन और आचार्य शंकर के जीवनदर्शन को समर्पित होगा। एकात्म धाम को ग्लोबल सेंटर आफ वननेस के रूप में विकसित करने के लिए इस परियोजना को फोर स्टार रेटिंग के मानकों के अनुरूप बनाया जाएगा। इस परियोजना में सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता और प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग प्रमुख होगा। ओंकार पर्वतमाला को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए पर्यटन विकास निगम 465 मीटर लंबी रोपवे सेवा प्रारंभ करेगा। ज्योतिर्लिंग आने वाले श्रद्धालु ओंकार पर्वत गौरी सोमनाथ से जेपी चौक के बीच सतपुड़ा विंध्याचल पर्वत से नर्मदा का विहंगम दृश्य रोपवे से निहार सकेंगे। इसके टेंडर जल्द जारी किए जाएंगे। योजना का संचालन सार्वजनिक-निजी भागीदारी यानी पीपीपी मोड पर होगा।

### 30 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क, महापौर बोले

# नई दृष्टि से होगा 29 गांवों का विकास, मॉडर्न तकनीक का होगा इस्तेमाल

◆इंदौर, सोने की कलम।


इंदौर। इंदौर में 29.52 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इंदौर बायपास (होटल प्राइड से सिटी फॉरेस्ट तक) लिंक रोड के लिए बुधवार को महापौर पुष्य मित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर, पार्षद सीमा सोलंकी ने भूमिपूजन किया। इस कार्य के लिए विशेष केंद्रीय सहायता दी गई है। इस कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, नेता और नगर निगम के अधिकारी शामिल हुए।



इस सड़क का काम अंबिकापुर विकास योजना 2021 के अंतर्गत प्रस्तावित है। इस परियोजना के तहत लगभग 2.40 किमी लंबी और 30 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाना है। इसे बनाने में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाना है, जिसमें 6-लेन सेमी-डिजिटल सेंसरिंग, सेंट्रल मीडियन, स्ट्रीट लाइटिंग, स्टॉर्म वाटर लाइन और इलेक्ट्रिक लाइन शिफ्टिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

भूमिपूजन के मौके पर महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि इस लिंक रोड के निर्माण से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासीय कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा। इससे स्थानीय लोगों को यातायात और आवागमन में सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इंदौर में लगातार सड़कों का इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है। होटल प्राइड से इंदौर नगर निगम की प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों को जोड़ने वाली ये मास्टर प्लान की सड़क है। लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से ये सड़क बनने वाली है। मुझे विश्वास है कि 29 गांव के सर्वांगीण विकास में ये सड़क बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। आज इस रोड के निर्माण का काम शुरू हुआ है। नई दृष्टि से 29 गांव का विकास होगा।




## संपादकीय

# भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

कुल जीडीपी में जापान को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जो इस उथल-पुथल भरे समय में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है. यह उपलब्धि भारत की वैश्विक भूमिका, उसकी आर्थिक नीतियों और नागरिकों के सामूहिक परिश्रम का नतीजा है. चार ट्रिलियन यानी 4,000 अरब डॉलर की जीडीपी वाला भारत अब एक स्थापित वैश्विक आर्थिक ताकत है, क्योंकि सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी ही अर्थव्यवस्था के आकार के हिसाब से भारत से आगे हैं.



चेतन गन्धे
9893157809
सम्पादक

ऐसे में, ठीक ही कहा जा रहा है कि मौजूदा आर्थिक नीतियां यदि जारी रहीं, तो भारत अगले कुछ वर्ष में जर्मनी को पीछे छोड़ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है. चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की टाइमिंग बहुत महत्वपूर्ण है. भारत ने यह गौरव तब हासिल किया है, जब अमेरिकी टैरिफ के चलते दुनियाभर में आशंका बनी हुई है और ट्रंप भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं. इस बीच पाक प्रायोजित आतंकवाद का हमने करारा जवाब दिया है. उसके बाद हमारे कूटनीतिक मिशन दुनियाभर में पाकिस्तान की असलियत बताने के लिए गये हुए हैं. सिर्फ यही नहीं कि आर्थिक मोर्चे पर इस उपलब्धि से भारत के प्रति दुनिया की धारणा और बेहतर होगी, बल्कि वैश्विक निवेशकों का भारत के प्रति भरोसा भी और बढ़ेगा.

चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनते ही सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 40 पैसे मजबूत हो गया. आइएमएफ से लेकर विश्व बैंक तक ने लगातार बताया है कि दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के कमतर प्रदर्शनों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती जारी रहने वाली है. भारत दुनिया में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भी है. चूंकि अभी भारत कुल जीडीपी के आधार पर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, लिहाजा भविष्य में प्रतिव्यक्ति आय और दूसरे मानकों पर भी हमें यह उपलब्धि हासिल करनी होगी.

आयात पर निर्भरता कम करने के अलावा सामाजिक सुरक्षा के मोर्चे पर भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है. इन सबके लिए प्रशासन, इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में निरंतर आर्थिक सुधारों की जरूरत पड़ेगी. इसका भी ध्यान रखना होगा कि आर्थिक शक्ति बनने का लाभ देश के गरीब तबके को मिले. तभी हम वास्तविक रूप से आर्थिक शक्ति होंगे.

# शिलांग में 6 दिन से लापता इंदौर का कपल

## परिजनों ने की घोषणा- पता बताने वालों को 5 लाख का इनाम

**◆इंदौर, सोने की कलम।**

**इन्दौर। 11 मई को शादी के बाद हनीमून मनाने मेघालय के शिलांग पहुंचा एमपी के इंदौर का कपल अब तक लापता है। शिलांग पुलिस ने सोमवार को शिकायत दर्ज होने के बाद मंगलवार से ईस्ट खासी हिल सोहरा के जंगल में सर्चिंग शुरू की, लेकिन देर शाम तक दोनों राजा( 30 ) पिता अशोक रघुवंशी और पत्नी सोनम रघुवंशी का पता नहीं लग सका। रात होने के बाद पुलिस को सर्चिंग रोकनी पड़ी।**





स्थानीय पुलिस ने फिर से दोनों की तलाश शुरू की। लेकिन तेज बारिश के कारण फिलहाल पुलिस को सर्चिंग रोकनी पड़ी। पहाड़ी जगह होने के कारण यहां पानी काफी तेजी से नीचे उतर रहा है, इसलिए पुलिस यहां से तीन किमी की दूरी पर ही रुक गई। वहीं दूसरी टीम नीचे ही रुकी हुई है और बारिश थमने का इंतजार कर रही है। बता दें कि इंदौर से बीजेपी सांसद शंकर लालवानी भी सुबह शिलांग पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि जहां इंदौर के इस कपल को तलाशा जा रहा है वह स्थान चेरापूंजी है, जो भारत में सबसे ज्यादा बारिश के लिए जाना-पहचाना जाता है।

जानकारी के मुताबिक स्थानीय पुलिस को मंगलवार को शुरू की गई सर्चिंग के दौरान दो काले बैग मिले थे। ये बैग खाई में झाड़ियों के बीच पड़े मिले। पुलिस ने बैग वहां पहुंचे राजा और सोनम के भाई को दिखाए तो उन्होंने ये काले बैग राजा और सोनम के होने की पुष्टि की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां उनके बैग, एक्टिवा और मोबाइल की लास्ट लोकेशन मिली है, वह इलाका आपराधिक मामलों के लिए बदनाम है। स्थानीय लोग ही नहीं पुलिस भी वहां जाने से कतराती है।

### सांसद शंकर लालवानी पहुंचे शिलांग

बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चिंता जताते हुए मंगलवार को मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा से फोन पर बात कर त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया था। इसके बाद सांसद शंकर लालवानी भी बुधवार की सुबह शिलांग पहुंच गए। सांसद लालवानी ने रघुवंशी परिवार के सदस्यों और स्थानीय पुलिस से बात की।

# गैंगरेप के आरोपी शूटिंग एकेडमी चलाने वाले मोहसिन का भाई इमरान भी गिरफ्तार



इंदौर। हिंदू युवती से सामूहिक दुष्कर्म और लव जिहाद के आरोपित शूटिंग एकेडमी संचालक मोहसिन खान के भाई इमरान को अन्नपूर्णा पुलिस ने मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपित जिम ट्रेनर फैजान खान फरार है। अन्नपूर्णा पुलिस ने सोमवार रात मोहसिन, इमरान और फैजान के विरुद्ध 14 धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। छोटे भाई मोहसिन की गिरफ्तारी के बाद से ही इमरान महू स्थित घर से गायब हो गया था। रात को इमरान खजराना आया था। साइबर सेल ने उसके फोन की लोकेशन निकाली और पकड़ लिया। पुलिसकर्मियों को देखकर वह रोने लगा। उसे रिपोर्ट लिखवाने वाली युवती का फोटो दिखाया तो पहचानने से मना कर दिया। पुलिसकर्मी उसे थाने ले आए। इमरान ने प्रारंभिक पूछताछ में ही मोहसिन द्वारा की गई धोखाधड़ी स्वीकार ली। दोनों से अलग-अलग पूछताछ की जाएगी। महू में मोहसिन के अवैध मकान को तोड़ने के लिए नगर परिषद अध्यक्ष व पार्षदों ने तहसील कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन दिया। स्थानीय विधायक ऊषा ठाकुर ने आश्वासन दिया है कि जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# बंद की 37 सिटी बसें

## 4 करोड़ का भुगतान बकाया

**◆इंदौर, सोने की कलम।**

**शहर की लाइफ लाइन कही जाने वाली सिटी बसों का एक बेड़ा पिछले तीन दिनों से बंद पड़ा है। तीन प्रमुख मार्गों पर चलने वाली 37 बसों को ऑपरेटर कंपनी ने करीब 4 करोड़ का भुगतान ना मिलने के कारण बंद कर दिया है। बसों के बंद होने के कारण इन मार्गों के हजारों यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं इन बसों से जुड़े 80 कर्मचारी भी बेरोजगारी की कगार पर हैं।**

मामला अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड की ऑपरेटर कंपनी प्रसन्ना परपल से जुड़ा है। कंपनी 37 बसों का संचालन करती है। ये बसें तेजाजी नगर से राजबाड़ा और छोटा बांगड़दा के साथ महूनाका से अरबिंदो हॉस्पिटल के बीच चलती है। कंपनी का लंबे समय से भुगतान बकाया चल रहा है, जो बढ़ते हुए करीब 4 करोड़ रुपए पर पहुंच चुका है। बसों के संचालन का खर्च कंपनी को उठाना पड़ता है। बड़ी राशि बकाया हो जाने और लगातार खर्च के चलते कंपनी ने तीन दिन पहले बसों का संचालन पूरी तरह बंद करते हुए बसों को डिपो में खड़ा कर दिया है। कर्मचारियों को कह दिया है कि जब भुगतान मिलेगा, तब काम शुरू होने पर उन्हें बुला लिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि प्रसन्ना परपल कंपनी पुणे की है और पिछले कई सालों से एआईसीटीएसएल की बसों का संचालन कर रही है। कंपनी का कांट्रेक्ट फरवरी में खत्म हो चुका है। इसे अब तक रिन्यू नहीं किया गया है। इसके कारण भी कंपनी अपनी ओर से और खर्च करने से बच रही है। इसके लिए अधिकारियों ने कमिश्नर से चर्चा करते हुए कांट्रेक्ट अस्थायी रूप से कुछ माह के लिए आगे बढ़ाने पर चर्चा की है, साथ ही भुगतान भी बात की गई है। प्रबंधन के मुताबिक अभी इन रूट्स पर यात्रियों की सुविधा के लिए दूसरी भी बसों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें 10 इलेक्ट्रिक सहित कुछ सीएनजी और डीजल बसें शामिल हैं, लेकिन इसके बाद भी बसों की फ्रिक्वेंसी कम हो चुकी है, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। बसों में ज्यादातर स्कूल-कॉलेज के बच्चे सफर करते हैं। अभी छुटिटयां होने पर लोड कम है, लेकिन 1 जून से कई स्कूल-कॉलेज खुल रहे हैं, जिससे लोड बढ़ जाएगा और यात्रियों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ेगी। प्रबंधन की योजना है कि इससे पहले ही कुछ भुगतान करने के साथ बसों का संचालन शुरू करवाया जाए।

# पीएम नरेन्द्र मोदी 31 मई को करेंगे मेट्रो रेल का वर्चुअल लोकार्पण

### पहले हफ्ते फ्री में सफर



**◆इंदौर, सोने की कलम।**

**इंदौरवासी जल्द ही मेट्रो की यात्रा का आनंद उठा सकेंगे। 31 मई को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली मेट्रो संचालन का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही आमजन को यात्रा करने का अवसर मिल सकेगा।**

मेट्रो का संचालन अभी सिर्फ छह किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर पर किया जाएगा। शुरुआत के पहले सप्ताह लोगों को निश्शुल्क यात्रा का अवसर मिलेगा और इसके बाद किराए में छूट दी जाएगी। प्रायोरिटी कॉरिडोर पर यात्री सेवा के शुभारंभ से पहले कलेक्टर आशीष सिंह ने तैयारी का जायजा लिया।

मेट्रो ट्रेन की शुरुआत इसी स्टेशन से होगी। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। यलो लाइन के छह किमी रूट पर मेट्रो चलाई जाएगी। ट्रेन गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर-3 स्टेशन तक चलेगी और पांच स्टेशनों के बीच दोनों दिशाओं में 50 फेरे लगाएगी।

सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक आमजन इसमें सफर कर सकेंगे। मेट्रो का न्यूनतम किराया 20 रुपये और अधिकतम किराया 30 रुपये है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा और मेट्रो के अधिकारी मौजूद थे।

सुपर कॉरिडोर के छह किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर पर प्रत्येक 30 मिनट में मेट्रो का संचालन होगा। गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर के स्टेशन नंबर तीन तक 25 फेरे और स्टेशन नंबर तीन से गांधी नगर तक 25 फेरे मेट्रो लगाएगी।

शुरुआत में मेट्रो के तीन से चार कोच सेट चलाए जाएंगे। एक कोच सेट में तीन मेट्रो कोच (डिब्बे) होते हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों से मेट्रो तक सिटी बस की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है।

मेट्रो का संचालन 31.32 किमी लंबे रूट पर होना है। इसमें 22.42 किमी एलिवेटेड और 8.7 किमी भूमिगत मेट्रो चलेगी। मेट्रो की यलो लाइन पर 28 स्टेशन होंगे, जो यात्रा को आसान व पर्यावरण के अनुकूल बनाएंगे। मेट्रो के 31.32 किलोमीटर के प्रोजेक्ट की लागत लगभग 7500 करोड़ रुपये है। प्रारंभिक तौर पर छह किलोमीटर के कॉरिडोर का उद्घाटन होना है, जिसकी लागत लगभग 1520 करोड़ रुपये है।

# प्री-मानसून अलर्ट, होगी मूसलाधार बारिश, तेज आंधी की चेतावनी

◆इंदौर, सोने की कलम।
**मई के अंतिम सप्ताह में तेज धूप के बजाय बादल छाए हुए हैं। हवा का रुख भी बदलने लगा है। चक्रवातीय सिस्टम से इंदौर सहित संभाग के अन्य जिलों में बारिश की संभावना रहेगी। मौसम विभाग ने इंदौर को येलो अलर्ट पर रखा है। मानसून के महाराष्ट्र तक पहुंचने से प्री मानसून एक्टीविटीज भी तेज होने की स्थिति बन रही है।**



### प्री मानसून गतिविधियों का असर

भारत मौसम विज्ञान विभाग भोपाल के मौसम वैज्ञानिक डॉ. बीएस यादव ने बताया, पश्चिमी मप्र के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिससे एक ट्रफ लाइन छत्तीसगढ़ की तरफ जा रही है। इसके साथ ही एक अन्य सिस्टम भी सक्रिय है। आने वाले दो से तीन दिन में कहीं-कहीं तेज हवा-आंधी के साथ बारिश की संभावना रहेगी। अभी दक्षिण पश्चिम मानसून मप्र नहीं पहुंचा है। अब प्री मानसून गतिविधियों का असर भी बढ़ेगा।

पिछले दो दिनों से दिन में बादल छा रहे हैं, जिससे उमस का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार वातावरण में नमी अधिक होने व बादल छाए रहने से धूप से गर्म हुई हवा वातावरण में नहीं पहुंच पाती, जिससे उमस अधिक होती है। यह स्थिति पिछले दो दिनों से बनी हुई है।

### दो डिग्री कम हुआ दिन का तापमान

मंगलवार को दिन का तापमान 35.6 डिग्री व रात का तापमान 26.6 डिग्री दर्ज किया गया। एक दिन पहले दिन का तापमान 37.6 डिग्री व 26.7 डिग्री था। 24 घंटे में दिन के तापमान में 2 डिग्री की कमी दर्ज हुई है। आद्रता 54 फीसदी दर्ज हुई। दृष्यता 5000 मीटर रही। पश्चिम उत्तर पश्चिमी हवा 29 किमी प्रति घंटे की रतार से चली।

# दो आईएएस अफसरों के खिलाफ केस दर्ज

## लोकायुक्त करेगी जांच





◆इंदौर, सोने की कलम।
**नगर निगम की पूर्व आयुक्त और वर्तमान में कौशल विकास केंद्र की निदेशक हर्षिका सिंह और इंदौर स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह के खिलाफ लोकायुक्त ने जांच प्रकरण दर्ज किया है। दोनों आइएएस पर स्मार्ट सिटी में संविदा इंजीनियर देवेश कोठारी को नियमों के खिलाफ निगम में भवन अधिकारी बनाने का आरोप है।**

तत्कालीन निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने 5 जून 2023 को कोठारी को जोन-13 का भवन अधिकारी नियुक्त किया था, जबकि वह निगम कर्मचारी ही नहीं थे। उनको इंदौर स्मार्ट सिटी के लिए सहायक यंत्री के तौर पर वर्ष 2017 में संविदा नियुक्त किया गया था। एक पूर्व पार्षद ने लोकायुक्त को शिकायत कर आरोप लगाया था कि भवन अधिकारी के लिए राज्य सरकार ने नियम तय किए हैं। कोठारी इनमें से एक भी शर्त पूरी नहीं करते। उन्होंने छह माह तक 250 से ज्यादा नक्शों को स्वीकृति दी। सैकड़ों नोटिस जारी किए थे, लेकिन उनमें कार्रवाई नहीं की। इससे साफ है कि उनकी नियुक्ति अवैध धन कमाने के लिए की गई थी। इसमें उन्हें नियुक्त करने वाली पूर्व निगमायुक्त और नियुक्ति को छिपाने वाले स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह दोनों शामिल हैं।

इसकी शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त संगठन ने इसमें कुछ लोगों के बयान दर्ज किए थे, जिसके बाद लोकायुक्त संगठन ने इस मामले में जांच प्रकरण दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### मामले में जांच प्रकरण दर्ज

भोपाल स्थित मुख्यालय में शिकायत की थी, वहीं से मामले में जांच प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके आधार पर आगे जांच की जाएगी। सबूत मिले तो प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

## अवैध कॉलोनियों पर बड़ा फैसला

# भूखंडों की रजिस्ट्री होगी शून्य

## खरीदनेवालों को वापस मिलेगा पैसा

◆इंदौर, सोने की कलम।
**देशभर की तरह मध्यप्रदेश में भी अवैध कॉलोनियों की बाढ़ सी आ चुकी है। तमाम सरकारी प्रतिबंधों के बावजूद कॉलोनियों के नाम पर अवैध रूप से प्लॉट बेचे जा रहे हैं और उनकी बाकायदा रजिस्ट्री की जा रही है। एमपी की व्यवसायिक राजधानी इंदौर में यही हाल हैं। यहां लाखों लोग अवैध कॉलोनियों में रह रहे हैं जहां सालों बाद भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। हालांकि अब जिला प्रशासन ने ऐसी कॉलोनियों पर सख्त रूख दिखाते हुए बड़ा फैसला लिया है।**

जिले के कलेक्टर ने अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्री शून्य घोषित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ऐसी कॉलोनियों में खरीदे गए प्लॉट के पैसे भी वापस करने की बात कही है।

अवैध कॉलोनियों से तमाम दिक्कतें होती है। यहां रहनेवाले लोग सड़क, बिजली और पानी



जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरसते रहते हैं। अवैध कॉलोनियों के कारण अनियोजित विकास होता है जोकि शहर और शहरवासियों के लिए बेहद घातक साबित होता है। यही कारण है कि इंदौर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बाकायदा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। बड़ी संख्या में कॉलोनाइजरों पर एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अब इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने मजबूत कदम उठाया है। उन्होंने ऐसी कॉलोनियों में बेचे गए भूखंड की रजिस्ट्री को शून्य घोषित कराने की बात कही है। इसके साथ ही कॉलोनाइजरों को प्लॉट लेनेवालों को इसका पैसा भी वापस करना होगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं।

इंदौर में सोमवार को समय-सीमा (टीएल) की बैठक में सभी वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि इंदौर में अवैध कॉलोनियों में बेचे गए भूखंडों की रजिस्ट्री को शून्य करने की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। कॉलोनाइजरों को बेचे गए भूखंड की राशि भी वापस करनी होगी।

### कोर्ट में आवेदन लगाकर प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा

कलेक्टर आशीष सिंह ने इसके लिए कॉलोनी सेल को निर्देशित कर दिया है। कलेक्टर के अनुसार जो कॉलोनियों अवैध घोषित की जा चुकी हैं, जिन कॉलोनियों की एफआईआर दर्ज हैं या जिनके प्रकरण कोर्ट में चल रहे हैं, वहां रजिस्ट्री शून्य करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। कलेक्टर आशीष सिंह ने इसके लिए कोर्ट में आवेदन लगाकर प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा है।

# टू-व्हीलर पर ट्रिपलिंग और ड्राइव करते मोबाइल पर बात करने वालों का ड्रोन से कटा चालान

◆इंदौर, सोने की कलम।
यातायात पुलिस ने पहली बार मंगलवार को ड्रोन की मदद से 25 से अधिक चालान बनाए। अफसरों के अनुसार फिलहाल प्रयोग किया जा रहा है। सफलता मिलने पर लागू किया जाएगा। यातायात जोन-2 के सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार खत्री ने बताया कि कई बार दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठी होती है, लेकिन चौराहा आते ही एक सवारी उतर कर दूसरी ओर चली जाती है। ऐसे में कार्रवाई नहीं कर पाते हैं। इसी तरह कई लोग मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाते हैं। इसीलिए रेडिसन चौराहे पर ड्रोन का प्रयोग किया गया। ड्रोन के माध्यम से हमने चौराहे पर आने वाले तीन सवारी वाहन को पकड़ा और कार्रवाई की। इसी तरह मोबाइल पर बात करने वाले वाहन चालकों को भी पकड़ा। इस तरह 25 से अधिक वाहनों के चालान बनाए। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) खत्री ने बताया कि ड्रोन का सबसे ज्यादा फायदा वहां होगा, जहां जाम लग जाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक चेतन गन्धे के लिए चेतन ग्राफिक्स, 135, नगर निगम मार्केट, सुभाष मार्ग, वीआईपी स्टेशनरी के सामने, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 109, बाणगंगा मेनरोड, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक: चेतन गन्धे, मो. : 9893157809 Email : sonekikalam@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।)